दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-61
मुरादाबाद
21 June 2024
(Friday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## प्रधानमंत्री मोदी से मिला अमेरिका का द्विदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल, कल दलाई लामा से की थी मुलाकात

अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा से मुलाकात की थी। पीएम मोदी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका की संसद में विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैक्कॉल, पूर्व यूएस हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी, ग्रेगोरी मीक्स, मेरिनेटे मिलर मीक्स, निकोल मालियोटाकिस, एमी बेरा और जिम मैकगवर्न शामिल रहे। भारत दौरे पर आए अमेरिकी संसद के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा से मुलाकात की थी। पीएम मोदी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका की संसद में विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैक्कॉल, पूर्व यूएस हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी, ग्रेगोरी मीक्स, मेरिनेटे मिलर मीक्स, निकोल मालियोटाकिस, एमी बेरा और जिम मैकगवर्न शामिल रहे। अमेरिका ने पारित किया %रिजोल्व तिब्बत एक्ट% गौरतलब है कि अमेरिका की संसद ने %रिजोल्व तिब्बत एक्ट% नामक एक विधेयक पास किया है। यह एक द्विदलीय विधेयक है, मतलब इसे अमेरिकी संसद के दोनों दलों ने मिलकर पेश किया। इस विधेयक के तहत चीन और तिब्बत विवाद का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने की मांग की गई है। साथ ही यह विधेयक अमेरिका के विदेश विभाग को यह अधिकार देता है कि वह चीन के तिब्बत को लेकर भ्रामक दावों का जवाब दे सके और चीन के उस दावे को खारिज कर सके, जिसमें तिब्बत को चीन का प्राचीन काल से हिस्सा बताया गया है। अमेरिका के इस विधेयक ने चीन को नाराज कर दिया है और उसने धमकी दी है कि तिब्बत को अस्थिर करने की कोशिश के जवाब में और चीन की संप्रभुता के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस विधेयक के अमेरिकी संसद से पारित होने के बाद ही अमेरिका का द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत में दलाई लामा से मिलने आया। अमेरिका ने पारित किया %रिजोल्व तिब्बत एक्ट%- गौरतलब है कि अमेरिका की संसद ने %रिजोल्व तिब्बत एक्ट% नामक एक विधेयक पास किया है। यह एक द्विदलीय विधेयक है, मतलब इसे अमेरिकी संसद के दोनों दलों ने मिलकर पेश किया। इस विधेयक के तहत चीन और तिब्बत विवाद का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने की मांग की गई है। साथ ही यह विधेयक अमेरिका के विदेश विभाग को यह अधिकार देता है कि वह चीन के तिब्बत को लेकर भ्रामक दावों का जवाब दे सके और चीन के उस दावे को खारिज कर सके, जिसमें तिब्बत को चीन का प्राचीन काल से हिस्सा बताया गया है। अमेरिका के इस विधेयक ने चीन को नाराज कर दिया है और उसने धमकी दी है कि तिब्बत को अस्थिर करने की कोशिश के जवाब में और चीन की संप्रभुता के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस विधेयक के अमेरिकी संसद से पारित होने के बाद ही अमेरिका का द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत में दलाई लामा से मिलने आया। हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस- भारत, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस ने चीन की बढ़ती ताकत के बीच एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करने का संकल्प लिया है। बुधवार को दिल्ली में आयोजित तीसरी %भारत-फ्रांस-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय फोकल प्वाइंट% बैठक में हिंद-प्रशांत की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा, %तीनों पक्षों ने त्रिपक्षीय सहयोग के तीन स्तंभों- समुद्री सुरक्षा और संरक्षण, समुद्री और पर्यावरण सहयोग, और बहुपक्षीय जुड़ाव के तहत की गई प्रगति की समीक्षा की।पैसिफिक महासागर पहल (आईपीओआई) एक खुली, समावेशी, गैर-संधि आधारित, वैश्विक पहल है, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2019 में 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में की थी, जिसका उद्देश्य इंडो-पैसिफिक समुद्री क्षेत्र को बेहतर ढंग से प्रबंधित, संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देना है। वहीं इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना है। त्रिपक्षीय बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व संयुक्त सचिव (यूरोप पश्चिम) पीयूष श्रीवास्तव और विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (ओशिनिया और इंडो-पैसिफिक) परमिता त्रिपाठी ने किया। फ्रांसीसी पक्ष का नेतृत्व फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय में निदेशक (एशिया और ओशिनिया) बेनोइट गाइडी ने किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्रालय के दक्षिण और मध्य एशिया प्रभाग की प्रथम सहायक सचिव सारा स्टोरी ने किया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से पीएम मोदी ने फोन पर की बात- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से फोन पर बात की, जिसमें दोनों नेताओं ने भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से फोन पर बात करके बहुत खुशी हुई। उनके आगामी राष्ट्रपति पद के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।% उन्होंने कहा, %हमने भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जो हमारे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति घोषित किया था। हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस-भारत, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस ने चीन की बढ़ती ताकत के बीच एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करने का संकल्प लिया है। बुधवार को दिल्ली में आयोजित तीसरी %भारत-फ्रांस-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय फोकल प्वाइंट% बैठक में हिंद-प्रशांत की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा, %तीनों पक्षों ने त्रिपक्षीय सहयोग के तीन स्तंभों- समुद्री सुरक्षा और संरक्षण, समुद्री और पर्यावरण सहयोग, और बहुपक्षीय जुड़ाव के तहत की गई प्रगति की समीक्षा की।% इंडो पैसिफिक महासागर पहल (आईपीओआई) एक खुली, समावेशी, गैर-संधि आधारित, वैश्विक पहल है, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2019 में 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में की थी, जिसका उद्देश्य इंडो-पैसिफिक समुद्री क्षेत्र को बेहतर ढंग से प्रबंधित, संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देना है। वहीं इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना है। त्रिपक्षीय बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व संयुक्त सचिव (यूरोप पश्चिम) पीयूष श्रीवास्तव और विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (ओशिनिया और इंडो-पैसिफिक) परमिता त्रिपाठी ने किया। फ्रांसीसी पक्ष का नेतृत्व फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय में निदेशक (एशिया और ओशिनिया) बेनोइट गाइडी ने किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्रालय के दक्षिण और मध्य एशिया प्रभाग की प्रथम सहायक सचिव सारा स्टोरी ने किया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से पीएम मोदी ने फोन पर की बात- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से फोन पर बात की, जिसमें दोनों नेताओं ने भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से फोन पर बात करके बहुत खुशी हुई। उनके आगामी राष्ट्रपति पद के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।% उन्होंने कहा, %हमने भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जो हमारे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित है।% अप्रैल में इंडोनेशिया के चुनाव आयोग ने औपचारिक रूप से सुबियांटो को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति घोषित किया था।




## संक्षिप्त समाचार

### जनता दल यू यूपी में 50 विधानसभा सीटों पर लड़ेगा चुनाव, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने बताई योजना

जनता दल यू के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियों पर बात की। उन्होंने कहा कि हमारी योजना प्रदेश की 50 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की है।जनता दल यू के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश की दोबारा जिम्मेदारी दी है। संगठन को मजबूत कर अपनी पार्टी से यूपी में 2027 में विधायक बनाना और सरकार में हिस्सेदारी करना है। 50 प्रत्याशी की तैयारी है उतारने की। इतना काम करना है लोग हमें पूछें। अभी किसी से गठबंधन नहीं किया है।उन्होंने कहा कि हम हर जिला और विधानसभा में जायेंगे। दूसरे कार्यकाल में पार्टी को और मजबूत करना है और अपने एमएलए बनाना है। हमारे 12 और अपना दल का एक सांसद है। अपना दल से कोई मुकाबला नहीं है। बड़ी पार्टी अगर साजिश न करें तो हम एमपी भी, एमएलए भी बनाएंगे।इंडिया गठबंधन, प्रदेश में हमें दो सीट दे देते तो ऐसी स्थिति न होती। अंबेडकरनगर, फूलपुर और मिर्जापुर मांगी थी। अंत में एक पर भी सहमत थे लेकिन नहीं मिली। अभी हम गठबंधन पर कुछ नहीं कहेंगे। यूपी में आते हैं तो रेलवे से अप्रेंटिस बच्चों को नियुक्ति देने की मांग करेंगे। ओबीसी आरक्षण और जाति जनगणना की मांग पूरे देश में उठाएंगे। बिहार की तरह पूरे देश में जाति जनगणना हो। हमारे नेता ने इंडी गठबंधन को बनाया।

### यूपी सरकार ने अफसरों के लिए जारी की गाइडलाइंस, बिना अनुमति सोशल मीडिया पर नहीं लिख सकेंगे

सरकारी अफसर और कर्मचारी अब सरकार की अनुमति के बिना सोशल मीडिया पर नहीं लिख सकेंगे। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।यूपी सरकार ने अपने अफसरों व कर्मचारियों के लिए मीडिया गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। अब सरकारी कर्मचारी बिना सरकार की अनुमति के प्रिंट और डिजिटल मीडिया पर नहीं लिख सकेंगे।यूपी सरकार ने अपने अफसरों व कर्मचारियों के लिए मीडिया गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। अब सरकारी कर्मचारी बिना सरकार की अनुमति के प्रिंट और डिजिटल मीडिया पर नहीं लिख सकेंगे।

## नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों पर राहुल का केंद्र पर वार- PM मोदी पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे



राहुल गांधी ने पेपर लीक में कथित गड़बड़ियों को लेकर कहा कि कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूजीसी नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इसे लेकर केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लेकर हमला बोला। राहुल ने कहा, सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए। राहुल ने कहा, नीट पेपर और यूजीसी-नेट के पेपर लीक हुए हैं। कहा जा रहा था कि नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल और गाजा की लड़ाई को भी नरेंद्र मोदी ने रोक दी थी।

लेकिन किसी न किसी कारण में हिंदुस्तान में जो पेपर लीक हो रहे हैं उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं रोक पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में हुए व्यापमं घोटाले को पूरे देश में फैलाने की कोशिश की जा रही है।बिहार में पेपर लीक आरोपियों के पकड़े जाने को लेकर राहुल ने कहा कि हमने पहले ही कहा है कि जांच होनी चाहिए और जिन्होंने भी पेपर लीक कराया है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आगामी संसद सत्र में इस मुद्दे को उठाने की बात भी कही।

## लोकसभा में विपक्ष के नेता को लेकर छिड़ी बहस पर विराम, शरद पवार बोले- यह कांग्रेस तय करेगी

शरद पवार महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। भाजपा ने हाल ही में 543 सदस्यीय लोकसभा के लिए हुए चुनावों में 240 सीटें जीतीं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में अपने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। एनसीपीएसपी के प्रमुख शरद पवार ने साफ कर दिया है कि लोकसभा में विपक्ष का नेता कौन चुनेगा। इसके साथ ही इंडी गठबंधन में आई दरारों की खबरों पर विराम लगता दिख रहा है। पवार ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति पर फैसला कांग्रेस करेगी क्योंकि संसद के निचले सदन में इंडिया ब्लॉक दलों में सबसे अधिक सीटें कांग्रेस के पास हैं। इस मुद्दे पर चर्चा होगी-यह पूछे जाने पर कि क्या विपक्ष से लोकसभा उपाध्यक्ष को बुलाने का प्रयास किया जाएगा, पवार ने दावा किया कि इस %नियम% का पालन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पिछली सरकार में नहीं किया था। उन्होंने कहा, %इस मुद्दे पर चर्चा होगी लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे कोई सार्थक नतीजा निकलेगा।%किसने कितनी सीटें जीतीं पवार महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। भाजपा ने हाल ही में 543 सदस्यीय लोकसभा के लिए हुए चुनावों में 240 सीटें जीतीं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में अपने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। विपक्षी दलों के घटक दलों में कांग्रेस ने सबसे अधिक 99 सीटें हासिल कीं। हमने पहले ही ले लिया था फैसला- लोकसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, %पहले हम सहमत हुए थे कि यह पद उसी पार्टी के नेता को दिया जाएगा, जिसने सबसे ज्यादा सीटें जीती होंगी। आज लोकसभा में अन्य विपक्षी दलों में से कांग्रेस के पास अधिकतम सीटें हैं, इसलिए वे तय करेंगे कि यह पद किसे संभालना चाहिए।%उन्होंने कहा, %कांग्रेस के फैसला लेने के बाद उसे हमारे (इंडिया) गुट की सहमति की जरूरत होगी।% मोदी की गारंटी नकली- महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की सफलता पर पवार ने दावा किया कि लोगों ने पीएम मोदी में विश्वास खो दिया है और मोदी की गारंटी नकली हो गई है। राज्य के लोग इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि उन्होंने पिछले पांच साल में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया। महाराष्ट्र में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) ने राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से 30 पर जीत दर्ज की। सत्तारूढ़ महायुति, जिसमें भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी शामिल हैं, को 17 सीटें मिलीं।



## संपादकीय Editorial

### Gandhi North-South

Former Congress President Rahul Gandhi will remain MP from his family parliamentary seat Rae Bareli, but will resign from Wayanad seat of Kerala. Younger sister Priyanka Gandhi Vadra will start her electoral politics from Wayanad. Although she has been campaigning for Congress since 2004. She is also the national general secretary of the party, but after 20 long years, she is now getting a chance to contest elections, because Wayanad's politics also has to be kept safe. If Priyanka wins the by-election, it will be the first time when all three members of the Gandhi family will be MPs. The brother and sister can be Lok Sabha MPs, while mother Sonia Gandhi is a Rajya Sabha member. If Maneka-Varun Gandhi are also counted in the 'Gandhi family', then this is the first time that both mother and son are not in Parliament. Anyway, we are talking about the Gandhi family of Congress. After a long contemplation and discussion, Rahul Gandhi has decided to leave the Wayanad seat. Wayanad had saved the existence of Rahul Gandhi's politics and MPship, because in 2019, BJP's Smriti Irani defeated him in Amethi seat. Then he reached Parliament by winning from Wayanad. Now in the 2024 elections also, he was pitted against senior CPI leader Annie Raja on the Wayanad seat. The Left Front is in power in Kerala, but the caste, religious equations in Wayanad are such and then there is an alliance with the Muslim League, due to which the victory of the Congress candidate is almost certain. Rahul Gandhi won from Wayanad by 3,64,422 votes. The state of Kerala is very important for the Congress, because there are assembly elections there after one and a half years. Congress has also won a one-sided victory in the Lok Sabha elections, so it was considered within the Congress that South India should be saved. Since Rahul has also won the Rae Bareli seat by 3,90,030 votes and in UP, 6 Congress MPs have won in alliance with SP, BJP has been reduced to 33 seats. In this way, BJP has lost 29 seats. Congress-SP has given a severe political blow to BJP. Congress has only 2 MLAs in the assembly, so the parliamentary elections are being considered a 'boon' for the party. Now Congress wants to maintain its alliance with SP for the assembly elections in 2027 as well. Congress wants to regain lost ground and bring the party on the path of revival, so it has been decided that Rahul Gandhi will be the face of Congress in North India. How effective and meaningful Priyanka's role will be in the south will be decided by the politics after the mandate of Wayanad by-election. However, South India has been having extra trust in Congress and the Gandhi family. There are Congress governments in Karnataka and Telangana. If we go into history, Indira Gandhi lost the 1977 elections after the Emergency, so she contested the by-election from Chikmagalur in Karnataka and won and reached the Lok Sabha. In the 1980 elections, she contested from two seats, Rae Bareli and Medak in Andhra Pradesh. She won both the seats, but she resigned from Rae Bareli and represented Medak in the Parliament. Then Indira Gandhi was elected as the Prime Minister of the country once again. Sonia Gandhi fought and won her first election from Karnataka's Bellary seat. Since she had won the election from Amethi also, she left the Bellary seat. Congress has played a new politics by deciding the Gandhi siblings of North and South. Its success is yet to be seen. However, the most important issue is whether Rahul Gandhi will now agree to become the Leader of Opposition in the Lok Sabha? If he agrees, the equations of politics will change and Rahul will have to be more serious and studious. The names of Shashi Tharoor and Gaurav Gogoi are also being taken for this post. Why is Congress not stable and serious.

# Europe: Return to the nation, because liberalism is not readily agreed with by the people

The extreme right-wing wave in two major countries of Europe shows that liberalism is not readily agreed with by the people, but everything about it deserves re-evaluation. The collapse of the centre of liberalism in Europe also shows that the nation or home is a cultural unit and people have now started understanding its need. It is not that some new ghost is hovering over Europe. The initial fear after the European Parliament elections is indicating this. Actually, the matter is just that the centre, which was occupied by the liberals for a long time, has collapsed due to the extreme right-wing wave in two major countries of Europe. The spectacular performance of the National Rally led by Marine Le Pen in France has frightened Europe's centrist leader Emmanuel Macron, who has considered the preservation of the liberal soul of the continent as his political responsibility to such an extent that he has even called for early parliamentary elections. The ruling Social Democrats in Germany have performed much worse than the Alternative for Germany (AfD). Despite the right's modest gains elsewhere, Europe has not given itself over completely to the radical right. Not yet. Still, the continent's popular preference for the radical right is revealing the frailty of the liberal order and its failure to understand popular discontent. The ultra-nationalists, Le Pen's successors, who are said to be the origin of modern France, have triumphed over Macron's centrist renaissance, shattering the ideal built by lofty liberalism and exposing the radical passions of the 'natives' holding up a shaky nation. In Germany, the radical right is the mirror image of the nation institutionally forbidden by the post-Nazi politics of guilt. For the radical right, refusing to share the guilt is not an endorsement of Hitler's autocratic leadership, it is a return to the nation without the burden of hatred borrowed from a brutal history. Guri and Poland are already in the grip of resurgent nationalists. Liberals' worries are as heightened as right-wing resentment. The most obvious explanation for this situation comes from exasperated liberals and centrists who blame the people for what they are doing today. This view is apt for politicians born from the debris of ideology who are exploiting the fears of people abandoned by tired left and right elitism to create a new kind of messianic image of the nation's salvation. Western liberals deny the fact that they are co-authors of the sociology that fueled the alleged popular wave. As 'class' re-emerged as a political issue in a post-ideological world, resentment against the elite became inevitable. This elite, whether left or right, was too busy with power to realise the geographical force against the permanent establishment. When Brexit exposed the weakness of a unified Europe, the moment for revenge for the indigenous arrived. When England regained its comfort with being British, it was not to reject Europe in terms of ideas and culture, but to respond to the Brussels-based Politburo. Donald Trump later promoted the narrative of angry nations rising from below. European nationalists have already normalized the politics of grievance and pride. After coming to power in Hungary and Poland, two post-communist societies where freedom was naturally seen as the opposite of liberalism, radical nationalists made politics a cultural pursuit. And wherever their struggle was against the establishment, they played the role of the nation's savior, while the liberal elite continued to spread despair, as in France and Germany. In addition, immigration is an issue whose scope is constantly growing. As an argument and ideal, as a threat to the nation and as an acknowledgment of a historical memory, uncontrolled immigration is the single issue that can make or break one's political fortunes in the West today - be it left-wing, liberal or conservative. In the European Parliament elections, the far right demanded an explanation for immigration, legal or illegal, from liberals and centrists. It is the return of the old question: Who are we? This question, with a vengeance from the far right, calls into question everything that has transformed the liberal order into a comfortable consensus. If the cultural construction of the West cannot be understood without the story of immigration, its acceptance of multiculturalism is seen as a belief in its own culture. Today, liberal idealism is being challenged by nations that have been reborn on the back of right-wing radicalism. Home is an unbreakable cultural statement, and people are beginning to understand what it means. And that is vital for conservatives, too. After all, being liberal does not necessarily mean being left-wing or progressive. The prospect of Trump being reelected in November and Sunak losing in July speaks of two very different visions of the conservative story of our time. On one side of the Atlantic, the far right is trying to come to terms with the idea of ??a new political party, and the far right is trying to come to terms with the idea of ??a new political party. Listen to the whispers, the Conservatives, on the other hand, have mastered the art of wasting the mandate that was so audaciously renewed in the Brexit vote. Yet it is the Liberals, stuck in the centre, who need to shake off their nervousness and learn to communicate with the nation. They have nothing to lose but their unsubstantiated arguments.

# Are we successful in trying to conserve birds?

Birds are responsive to natural changes and hence are good indicators of environmental parameters. They are relatively easy to monitor by scientists. In 2020, India released its first State of India's Birds (SoIB) report, assessing the status of 867 bird species and identifying 101 as being in high conservation need.The world is currently facing an alarming decline in biodiversity. Populations of mammals, birds, reptiles, amphibians and fish have declined by an average of 69% since 1970. For biodiversity conservation, the Global Biodiversity Framework adopted in 2022 has pledged to halt biodiversity loss and restore ecosystems. Assessing the status of biodiversity is important to achieve these goals.Birds are responsive to natural changes and hence are good indicators of environmental parameters. They are relatively easy to monitor by scientists. In 2020, India released its first State of India's Birds (SoIB) report, assessing the status of 867 bird species and identifying 101 as being in high conservation need. The current SoIB report updates and extends these assessments by adding 4 more years of data totalling 30 million observations from 30,000 bird watchers across India. The findings largely reflect global trends, with some species appearing to be in good shape while others show varying levels of decline. The report discusses the implications of these findings and provides recommendations for bird conservation efforts in India. Overall, large-scale biodiversity assessments made possible using citizen science data are critical for informing conservation policies and actions. Of the total 942 species, there was sufficient data to estimate long-term trends for 523. For the remaining 419 there was insufficient data for this purpose. Of the 523, long-term trends could be determined for 338 species. The remaining 185 had trends classified as inconclusive. Of these 338 species, 204 have undergone long-term declines, 98 show trends indistinguishable from stable, and 36 have increased. Similarly, of the 942 species, 643 had sufficient data to estimate current annual trends. The remaining 299 had insufficient data. Of the 643, current annual trends could be determined for 359 species, of which 142 are declining. Of these 142, 64 are declining rapidly. 189 are stable, and 28 are increasing. About 51% (90 species) of the high priority species are classified as least concern globally by the IUCN Red List 2022. 17 of them will qualify for a different IUCN threat status at the national level. On the other hand, 14 species considered globally endangered, vulnerable or near threatened have been classified as low priority in India through this assessment. India has a rich diversity of natural habitats for birds, ranging from tropical rainforests to grasslands, rocky hills, deserts and mangroves. While some bird species are specialists restricted to narrow habitat types, many others have adapted themselves to human-modified landscapes such as plantations, agricultural fields, wastelands and urban areas. The assessment shows that generalist birds capable of living in multiple habitat types are doing well as a group and may require less conservation attention. However, specialist species are more threatened than generalist birds. The number of grassland specialists has declined by more than 50%, highlighting the importance of protecting grassland ecosystems. The steep decline in birds inhabiting various open habitats such as agricultural landscapes and wastelands calls for examining the potential threats in these areas. The number of birds specialising in woodland habitats (forest or plantation) has also declined more than generalist birds, underlining the need to conserve natural forest habitats to provide suitable environments for specialists. The findings emphasise the importance of preserving diverse natural ecosystems and identifying threats to particular species adapted to specific habitat types. Urgent conservation plans needed for the most threatened species in the country: Jerdon's Courser, Great Indian Bustard, White-bellied Heron, Bengal Florican and Finn's Weaver are some of the birds in urgent need of conservation. Conservation efforts should focus on achieving the desired results through flexible approaches rather than relying only on protection measures. This may require a shift towards active management strategies in addition to conservation. Rather than focusing only on forests, there needs to be a greater emphasis on conserving non-forest ecosystems, as well as addressing 'hidden' threats such as toxic chemicals.The steep decline in birds inhabiting various open habitats such as agricultural landscapes and wastelands calls for examining the potential threats in these areas. The number of birds specialising in woodland habitats (forest or plantation) has also declined more than generalist birds, underlining the need to conserve natural forest habitats to provide suitable environments for specialists. The findings emphasise the importance of preserving diverse natural ecosystems and identifying threats to particular species adapted to specific habitat types.

# युवक की गोली मारकर हत्या, शव को जलाने का प्रयास...मंडी गेट पर परिजनों ने जमकर किया हंगामा

मुरादाबाद। थाना मझोला इलाके में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की छानबीन में जुटी है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। मंडी गेट पर परिजनों ने जमकर हंगामा



किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर परिजनों को समझाने में लगे हुए हैं। कई थाने की पुलिस फोर्स भी मौजूद है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर घटनास्थल पर छानबीन में जुटे हैं। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। शुरुआती छानबीन में पता चला है कि हमलावरों ने पहले कौशल के सिर पर पीछे से लोहे की रॉड जैसी किसी चीज से वार किया। फिर उसे गोली मारी। हमलावरों ने उसकी पहचान मिटाने के लिए शव को जलाने की कोशिश भी की।कौशल के परिजनों का कहना है कि कौशल शादी-समारोह और बर्थडे पार्टियों में खाना बनाने का काम करता था। बुधवार रात वह एक कार्यक्रम से घर लौट रहा था। तभी घर के पास ही यह वारदात हुई। हालांकि रात में परिजनों को इस घटना के बारे में जानकारी नहीं हुई। सुबह जब कुछ लोगों ने सड़क किनारे लाश देखी तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। आसपास के लोगों को शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने इकट्ठा किया तो कौशल के परिजन शव देख चीख पड़े। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मामले की छानबीन के लिए पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जुटाई है।

# एसएसपी ने पुलिस महकमे में किया बड़ा फेरबदल, 18 प्रभारी बदले

मुरादाबाद लोकसभा चुनाव संपन्न होने के दो सप्ताह बाद शहर के पुलिस महकमे में एक साथ बड़ा फेरबदल हुआ है। बुधवार को जिले के 18 थाना प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया है। वहीं चार सीओ के सर्किल में भी बदलाव हुआ है। एसएसपी हेमराज मीना के मुताबिक, जनपद में एक ही थानों में सालों से डटे पुलिसकर्मियों को नई जिम्मेदारी तो किसी को पुलिस लाइन में संबद्ध किया गया है। जबकि पुलिस विभाग की नियमावली में एक थाने व चौकी में पुलिसकर्मी की तैनाती की अधिकतम समय सीमा तीन साल तक होती है। लेकिन, कई थाना प्रभारी सालों से एक ही थाने में डटे हुए थे। एसएसपी के मुताबिक, चुनाव संपन्न होने के बाद फेरबदल हुआ है। जिनमें 18 थानों के प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है। वहीं चार सीओ सर्किल में परिवर्तन कर नया क्षेत्राधिकारी सौंपा है। जिनमें आशीष प्रताप सिंह को सीओ यातायात की जगह सीओ कटघर की जिम्मेदारी मिली है। रुद्र कुमार सिंह अब यातायात का जिम्मा संभालेंगे। राजेश कुमार सीओ ठाकुरद्वारा की कमान सौंपी है।वहीं राजेश कुमार तिवारी के ठाकुरद्वारा

**इन थानों के प्रभार में किया बदलाव**

| नाम | पहले | अब |
|---|---|---|
| संदीपमिश्रा | प्रभारी सर्विलांस सेल | प्रभारी सिविल लाइन |
| रामप्रसाद | प्रभारी सिविल लाइन | प्रभारी चुनाव सेल |
| संजय कुमार | प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी | प्रभारी नि. कटघर |
| तेजवीर सिंह | प्रभारी नि. कटघर | अपराध शाखा |
| राजीव कुमार शर्मा | साइबर थाना | प्र.निरीक्षक कुंदरकी |
| प्रदीप कुमार | सीओ ठाकुरद्वारा विवेचना | प्र.नि. बिलारी |
| पवन कुमार | थाना ध्यक्ष बिलारी | साइबर थाना |
| कुलदीप कुमार | चौकी प्र. कस्बा पाकबड़ा | थाना ध्यक्ष मुगलपुरा |
| मनोज कुमार | प्र.नि. मुगलपुरा | प्र.नि. एएचटीयू |
| लखपत सिंह | प्र.नि. एएचटीयू | प्र.नि. छजलैट |
| उमाशंकर | थाना मझोला | प्र.नि. नागफनी |
| सर्वेंद्र शर्मा | प्र.नि. मैनाठेर | प्र.नि. सोनकपुर |
| किरनपाल सिंह | प्र.नि. सोनकपुर | प्र.नि. मैनाठेर |
| राजीव चौधरी | प्रभारी चुनाव सेल | प्र.नि. ठाकुरद्वारा |
| मोहित चौधरी | प्र. एंटी फ्रॉड सेल | प्र.नि. साइबर थाना |
| शैलेंद्र चौहान | प्र.नि. ठाकुरद्वारा | पुलिस लाइन अटैच |
| अर्जुन त्यागी | थाना ध्यक्ष छजलैट | पुलिस लाइन अटैच |
| चमन सिंह | थाना ध्यक्ष नागफनी | पुलिस लाइन अटैच |

क्षेत्राधिकार में परिवर्तन कर बिलारी सीओ की जिम्मेदारी दी है। एसएसपी ने बताया है कि शैलेंद्र चौहान प्रभारी निरीक्षक ठाकुरद्वारा, अर्जुन त्यागी को थानाध्यक्ष छजलैट, चमन सिंह को थानाध्यक्ष नागफनी को कार्यमुक्त करके पुलिस लाइन से संबद्ध किया है। जहां से तीनों की पुलिस लाइन में आमद होने के बाद गैर-जनपद के लिए रवानगी की जाएगी।

# घर बैठे पैसा कमाइए... 200 करोड़ की ऑनलाइन ठगी करने वाले दो और सदस्य गिरफ्तार

## दोगुना मुनाफे के झांसा देकर लोगों को जाल में फंसाते थे आरोपी, 200 करोड़ की ठगी कर चुके हैं अंतर्राज्यीय गिरोह के जालसाज

मुरादाबाद घर बैठे पैसा कमाइए। बस लाइक और कमेंट करना होगा। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने होंगे। निवेश करेंगे तो ज्यादा मुनाफा होगा। साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर इसी तरह का झांसा देकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। रकम लेने के बाद लाखों खाते में जमा करा लेते हैं। जब तक पता चलता है बहुत देर हो चुकी होती है। पुलिस ने बुधवार को 200 करोड़ की ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मामले में आठ आरोपी वांछित हैं। जिनकी तलाश की जा रही है एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया है कि अक्टूबर 2023 को रामपुर निवासी चेतना को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर ठगों ने कई बार में 15 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। एसपी क्राइम ने कहा कि बुधवार को मामले में वांछित चल रहे अंतर्राज्यीय गिरोह के दो और आरोपी अहमदाबाद के ओधवा थाना क्षेत्र जगन्नाथ कॉलोनी निवासी अर्जुन सिंह पुत्र डोलू भाई और सादरिया मिलन पुत्र प्रवीन को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से बैंक एटीएम, तीन बैंक चैक और मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि, देश के कई हिस्सों में बैठे गिरोह के सदस्यों को चीन और दुबई से टास्क दिया जाता है। आरोपी अबतक 200 करोड़ से अधिक की ठगी कर चुके हैं। जिसमें लोगों को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया जाता है। सारा पैसे इकट्ठा करके हवाला के माध्यम से चीन और दुबई में बैठे आकाओं को हवाला के माध्यम से भेजा जाता है। एसपी क्राइम ने बताया कि, नौ माह पहले शहर में कई स्थानों पर छापेमारी के दौरान सूरज कुमार वर्मा, अंकित चौधरी, जयशंकर राव, पंकज शाह, भूपेन्द्र सिंह चौहान, पवन कुमार यादव, जय कुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। सातों आरोपी छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। उन्होंने बताया है कि, गिरोह के वांछित आठ आरोपियों की तलाश के लिए टीमें जुटी हैं। जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें भी जेल भेजा जाएगा। वांछित आरोपियों की तलाश जारी- पुलिस अंतर्राज्यीय गिरोह पर नकेल कसने की पूरी तैयारी से जुटी है। वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के छापेमारी की जा रही है। विपुल, नीलेश, दिनेश ठक्कर, मनोज कुमार, अपूर्व, कैतुल, समद और रितेश सभी आठ आरोपी अहमदाबाद के सप्पद अलटीमा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। ऑनलाइन ठगी से कैसे बचें- ऑनलाइन ठगी के मामले भी बढ़ रहे हैं। ठग भी लोगों को शिकार बनाने के नए-नए तरीके खोज रहे हैं। अब ये ऑनलाइन दोगुना मुनाफे का झांसा देकर ऐप्स का क्लोन बनाकर ठगी कर रहे हैं। ठगी करने वाले लोग किसी भी वेबसाइट के नाम से मिलती-जुलती एक दूसरी साइट बना देते हैं। इसे ओपन करने पर यह बिलकुल असली साइट के जैसी ही दिखती है। हालांकि,



असली साइट से इसका कुछ भी लेना-देना नहीं होता है। सतर्क रहकर ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं। किसी भी तरह के ऑफर और लालच में ना आएं, अनजान व्यक्ति से फोन पर बात कर उसके बहकावे में ना आएं, अच्छी तरह जांच करने के बाद ही किसी भी बैंक खाते में राशि डालें। फेसबुक, ट्विटर आईडी का पासवर्ड स्ट्रांग रखें, सरल पासवर्ड न रखें। कोई रुपयों की मांग करता है, तो पहले जांच लें या मैसेज करने वाले से फोन पर संपर्क करें। बैंक कर्मचारी कभी भी फोन पर डिटेल्स नहीं मांगते हैं। साइबर ठगी का शिकार होने पर ऑनलाइन माध्यम से 1930 पर कॉल कर सकते हैं या फिर नजदीकी साइबर थाने में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पुलिस को शातिर साइबर ठगों तक पहुंचने में बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को अंतर्राज्यीय गिरोह के दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूर्व में गिरफ्तार कर सात जालसाजों को जेल भेजा जा चुका है। आम लोगों को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर जाल फंसाकर पैसे ट्रांसफर कराते थे। आरोपियों के तार चीन और दुबई से भी जुड़े हैं। जिसकी छानबीन चल रही है। जल्द से जल्द खुलासा किया जाएगा।-सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी क्राइम

# कपूर कंपनी के नए पुल के निर्माण कार्य में आई तेजी, नवंबर तक हो जाएगा तैयार

मुरादाबाद शहर को लाइनपार से जोड़ने के लिए कपूर कंपनी के नए पुल के निर्माण का कार्य तेज कर दिया गया है। मौजूदा समय में नए पुल के लिए खोदी गई नींव को भरने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस बीच लखनऊ कार्यशाला से नए पुल के हिस्से 12 कॉलम तैयार होकर आ गए हैं।



जल्द ही कॉलम को स्थापित करने का काम किया जाएगा। नए पुल निर्माण में कुल 45 कॉलम स्थापित किए जाएंगे। जिसके बाद पुल के गर्डर रखे जाएंगे।लाइनपार की लगभग चार लाख की आबादी को महानगर से जोड़ने वाला कपूर कंपनी का पुल काफी समय से दोपहिया वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। रेलवे ने इस पुल को कमजोर मानते हुए दोपाहिया वाहन के लिए बंद कर दिया था। मौजूदा समय में कपूर कंपनी पुल पर सिर्फ पैदल आवाजाही है। लेकिन, लोगों को हुई परेशानी के चलते रेलवे ने नया पुल बनाने का निर्णय लिया। जिसके बाद नये पुल का डिजाइन बनाकर मुख्यालय भेजा गया। जिसके बाद पुल का निर्माण शुरू कराया गया। नया पुल लखनऊ स्थित रेलवे के वर्कशाप में तैयार कराया जा रहा है। वहीं रेलवे की टीम ने कपूर कंपनी पर नया पुल बनाने के लिए नींव रखने का काम शुरू कर दिया गया है। इस काम को काफी तेजी से कराया जा रहा है। वहीं रेलवे की इंजीनियरिंग टीम का प्लान है कि बारिश से पहले जितना काम कर लिया जाएगा। पहले नया पुल सितंबर तक तैयार करने की योजना थी, लेकिन इसमें बारिश खलल डाल सकती हैं। इसलिए नवंबर तक काम पूरा हो पाएगा। नजीबाबाद की निजी फर्म पुल की नींव खोदने, कंक्रीट भरने व पुल को स्थापित करने का काम कर रही है। 170 मीटर लंबे पुल का टेंडर दो हिस्सों में किया गया है। रेलवे की लखनऊ स्थित कार्यशाला लोहे के पुल का निर्माण कर रही है। जबकि निजी फर्म को इसे स्थापित करने के लिए ठेका दिया गया है। 7.10 करोड़ के प्रोजेक्ट से चार लाख की आबादी की परेशानी हल हो जाएगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि नया पुल तैयार हो रहा है। जल्द से जल्द इसे पूरा करने की कोशिश की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

# 25 जून से खुलेंगे सरकारी स्कूल, टीका लगाकर होगा स्वागत

मुरादाबाद गर्मी की छुट्टियों के बाद परिषदीय विद्यालय 25 जून से खुल रहे हैं। हालांकि बच्चे 28 जून से स्कूल आएंगे। विद्यालय आने पर उनका रोली- टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। साथ ही स्कूलों को भी रंगोली, झंडी, गुब्बारों से सजाया जाएगा। इस दिन मिड-डे-मील में भी



हलवा-खीर बनेगा। परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 18 जून को समाप्त हो रही थीं। लेकिन, भीषण गर्मी को देखते हुए छुट्टियां एक सप्ताह और बढ़ा दी गई हैं। विद्यालय 25 जून खुलेंगे और सिर्फ शिक्षक कर्मचारी स्कूल आएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि स्कूल को खोलकर क्लास रूम व लाइब्रेरी की साफ-सफाई, पानी की टंकी, किचेन, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि 28 जून से जब बच्चे आएंगे तो शुरू के दो दिन 28-29 जून को समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें अभिभावकों को भी बुला सकते हैं। दो दिन विद्यालय सुबह 7.30 से 10 बजे तक ही चलेंगे। वहीं एक जुलाई से विद्यालय सुबह 7.30 से दोपहर 1.30 बजे तक चलेंगे और नियमित पठन-पाठन का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान फिर से चलाया जाएगा।

# जीआईएस सर्वे में मनमानी पर एकजुट हुए पार्षद व महापौर, नोटिस निरस्त कर शासन को भेजेंगे पत्र

मुरादाबाद पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में चल रही है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कार्यकारिणी की बैठक में एजेंडा की जानकारी दी। बैठक में महानगर में मनमाने तरीके से ई रिक्शा के संचालन पर रोक लगाने, उनकी संख्या निश्चित करने



और उनसे लाइसेंस शुल्क व टैक्स वसूली करने पर सहमति बनी। खोखा धारकों से भी निगम प्रशासन कर वसूलेगा। पांच सौ नयी दुकानें बनाकर रेहड़ी पटरी वाले व्यापारियों को व्यवस्थित किया जाएगा। वहीं महानगर में यातायात व्यवस्था के लिए टाउनहाल, रामगंगा विहार सहित पांच स्थान पर पार्किंग निर्माण जल्द कराने पर सहमति बनी। इसके साथ ही महानगर में अवैध निर्माण में एनओसी देने में नगर निगम के अधिकारियों को पारदर्शी व्यवस्था बनाने का निर्देश महापौर ने दिया। महानगर में मकान व व्यवसायिक निर्माण में सड़क, नाले पर अतिक्रमण होने न पाए इसे रोकने के लिए समय रहते नोटिस देने की मांग कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डा. गौरव श्रीवास्तव ने उठाई। नगर निगम की जमीनों पर हुए कब्जे को तत्काल हटवाने का निर्देश महापौर ने दिया। आवास आवंटन में मनमानी रोकने पर जोर दिया गया। नगर निगम से जारी फर्जी रसीद मामले में जांच कर कारवाई करने के लिए महापौर ने कहा।जीआईएस सर्वे में गड़बड़ी की आशंका जताकर जारी नोटिस को तत्काल निरस्त करने की मांग कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डा. गौरव श्रीवास्तव ने मांग उठाई। महापौर ने कहा कि निगम प्रशासन का काम जनता से जायज कर लेना है। नाजायज नहीं। निजी कंपनी के द्वारा सर्वे में मनमानी करने का आरोप कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने लगाया। इसके आधार पर जारी नोटिस को तत्काल निरस्त करने पर सर्वसम्मति बनी। स्वकर निर्धारण करने की मांग उपाध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा। जिसे महापौर सहित सभी ने समर्थन किया। इसे नगर आयुक्त के माध्यम से शासन को भेजने की सहमति बनी। सपा के पार्षद इकबाल अंसारी ने सभी के साथ एकसमान व्यवहार करने की मांग की। जिसका समर्थन सपा की पार्षद शीरीगुल ने किया। बैठक में , इकबाल अंसारी, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, मुख्य अभियंता दिनेश सचान, वित्त एवं लेखाधिकारी एके मिश्र, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुनील दोहरे व अन्य मौजूद हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक – नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# गंगा कावेरी मक्का प्रजाति की फसल की पैदावार से खिले किसानों के चेहरे

क्यूं न लिखूं सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ अकराबाद - नगला प्रकाशी बलीपुर अधौन क्षेत्र में मक्का की नई प्रजाति 3155 गंगा कावेरी प्रजाति ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लादी है। जिसके चलते क्षेत्र में किसानों ने इस प्रजाति की मक्का की फसल को लगभग पांच सौ से छह सौ बीघा में किया था। किसान पप्पू खां, यतेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह, मोनूसिंह ने बताया है कि उन्होंने पहलीबार ओम फर्टिलाइजर के स्वामी कप्तान सिंह के कहने पर 3155 गंगा कावेरी प्रजाति मक्का की फसल की बुआई की थी। जिसकी पैदावार बहुत बढ़िया हुई है। अन्य मक्का की फसलों से लगभग ढाई कुंतल प्रति बीघा मक्का की अधिक पैदावार हुई है। क्षेत्र के किसानों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गंगा कावेरी कंपनी से आए आरएसएम राज वीर सिंह तोमर, एएसएम मनोज कुमार, टीएसएम अतेंद्रपालसिंह व अरेंद्रपालसिंह ने किसानों को जानकारी दी कहा कि वह किसानों के हित में आधुनिक शोध के द्वारा फसल की अधिक से अधिक पैदाबार बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान किसान रोध सिंह गजेंद्र सिंह राहुल सिंह दीपू सिंह सलीम खान लियाकत खान शिव सिंह, ठाकुर सोनू सिंह राजन जयपाल और गजेंद्र सिंह लवकुश ठाकुर वीआईपी पत्रकार जिला मंडल ब्यूरो चीफ सतेंद्र सिंह उर्फ पप्पू आदि किसान मौजूद रहे।

# अलीगढ़ यूपी के अलीगढ़ में भीषण गर्मी से लोग इस वक्त काफी परेशान हैं। ऐसे में पुलिस उनके लिए मदद करती हुई दिखाई दे रही है।

क्यूं न लिखूं सच-लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ जिले में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोगों का हाल बेहाल हो गया है और लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। लेकिन जो लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं वह लोग गर्मी की चपेट में ना आ जाए,ऐसे में उनकी मदद के लिए अब पुलिस सामने आ गई है। अलीगढ़ के दादों कोतवाली पुलिस के प्रभारी उपेंद्र मलिक अपनी पुलिस टीम के साथ सड़क से गुजर रहे लोगों व बसों को रुकवाकर उसमें बैठी सवारियो को भीषण गर्मी से बचाने के लिए उनको ठंडा शरबत पिलाया। इसी के साथ-साथ लोगों को ठंडा पानी भी पिलाया गया। जिससे लोगों ने गर्मी से थोड़ी राहत ली। जनता ने पुलिस का किया धन्यवाद भीषण गर्मी से जनता को बचाने के लिए दादों कोतवाली पुलिस के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य को लेकर जनता उनका धन्यवाद करते हुए दिखाई दी। जनता ने कहा कि भीषण गर्मी में पुलिस हमारे लिए कड़ाके की धूप में सड़क पर निकल कर आई। हमारे लिए ठंडा पानी और ठंडे शरबत का इंतजाम किया और हम लोगों को पिलवाया। इसलिए हम लोग पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। थाना प्रभारी उपेंद्र मलिक ने लोगों से लगातार जागरूक रहने की अपील की, कहा कि अगर जरूरत पड़े तो ही अपने घरों से बाहर निकले वरना अपने घरों से बाहर न निकले। अगर अपने घरों से बाहर निकलते हैं तो गमछा ओढ़ कर निकले। जिससे आप लू की चपेट में आने से बच सकते हैं। अगर लू की चपेट में आ गए हैं तो अपना इलाज तत्काल अस्पताल में पहुंचकर कराये। इस मौके पर निखिल, सचिन,अजयकांत, आकाश, मानपाल,अजीत,लव और भी पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।




प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# एसडीएम की गाड़ी से पुलिस ने नीली बत्ती व हूटर हटवाया, एसएसआई और चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

बाराबंकी में एसडीएम की गाड़ी से नीली बत्ती और हूटर निकलवाने के मामले में एसएसआई और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी।बाराबंकी शहर में एक पीसीएस अधिकारी की सरकारी गाड़ी रोककर एसएसआई और चौकी इंचार्ज ने हूटर और नीली बत्ती उतरवा दी।



इसके बाद वीडियो भी वायरल होने लगा। अधिकारी ने इसे लेकर डीएम से शिकायत की तो डीएम नाराज हो गए और उन्होंने एसपी से वार्ता की।डैमेज कंट्रोल करने के लिए तत्काल एसएसआई और चौकी चार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह बाराबंकी के रामनगर तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात हैं। कार्रवाई के समय उनकी बहन गाड़ी में बैठी थी।बुधवार की देर शाम शहर से गुजरे लखनऊ अयोध्या मार्ग पर पटेल तिराहे पर शहर कोतवाली के एसएसआई वीके शर्मा और आवास विकास चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान अयोध्या की ओर से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और एसडीएम लिखी एक गाड़ी आई तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोकवा लिया। सरकारी गाड़ी पर नीली बत्ती लगी थी और हूटर भी था। दोनों सब इंस्पेक्टर ने ड्राइवर को रौब में लेते हुए तत्काल हूटर और नीली बत्ती उतरवा दी। हालांकि गाड़ी में उस समय पीसीएस अधिकारी मधुमिता की बहन बैठी थी। कुछ ही देर में इसका वीडियो वायरल होने लगा। पुलिस के इस बर्ताव की शिकायत उन्होंने डीएम से की। डीएम ने इसे लेकर एसपी से बात की तो एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पूरे मामले की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि गलत व्यवहार करने के कारण दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# शुगर मिल में हुए बवाल में पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर को सात साल की जेल, 70 हजार का जुर्माना

रामपुर की राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए विवाद मामले में भाजपा नेता और पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को कोर्ट ने सजा सुनाई है। पूर्व विधायक को सात साल की कैद और 70 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। आरोपियों पर लूटपाट, जानलेवा हमला, बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा था।शाहबाद की राणा शुगर मिल में 12 साल पहले हुए बवाल के मामले में कोर्ट ने शाहबाद के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कांशीराम दिवाकर को सात साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा उन पर 70 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। अन्य छह दोषियों को एक-एक साल की जेल और दस हजार का जुर्माना लगाया गया है।कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में 21 आरोपियों को बरी कर दिया है। बवाल का यह मामला शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल का है। यहां गन्ना ले जा रहे किसानों का 15 जनवरी 2012 की रात ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था।इसके अगले दिन आक्रोशित किसानों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के दो अधिकारियों सहित कई कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर, भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, कुंवरपाल समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने यह मामला राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह की तहरीर पर दर्ज किया था। मुकदमे में आरोपियों पर लूटपाट, जानलेवा हमला, बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा था। पुलिस ने आरोपी महिला संजू यादव से लूट के 10 हजार रुपये बरामद होने की बात कही थी। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट में 28 लोगों का ट्रायल चला। ट्रायल के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई। बुधवार को इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कांशीराम दिवाकर, सुरेश बाबू गुप्ता, किशनपाल, भारत सिंह, मेघराज, महिला संजू यादव को मारपीट, डकैती, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी करार दिया। इसके बाद सभी आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया था। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर को सात साल के कारावास की सजा सुनाई है।

# राकांपा का बड़ा दावा- अजित पवार की एंट्री ने महायुति सरकार को लोकसभा चुनाव में बचाया

महाराष्ट्र में जारी राजनीति वार-पलटवार अब और तेज होने लगी है। कभी सरकार तो कभी विपक्ष के बयान से सियासी बवाल बढ़ रहा है। अब एनसीपी ने दावा किया है कि उनके नेता अजित पवार के समय से महायुति में आने के कारण ही लोकसभा चुनाव में महायुति बच सकी है।महाराष्ट्र की महायुति सरकार में सहयोगी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( अजित गुट ) के एक नेता का दावा किया गया है कि उनके नेता अजित पवार के समय से आने के कारण ही लोकसभा चुनाव में महायुति सरकार बच सकी है। एनसीपी अजित गुट के नेता अमोल मितकारी ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि आखिर क्यों भाजपा और शिवसेना ( शिंदे गुट ) गठबंधन में मनमुटाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने शिवसेना नेता रामदास कदम के बयान का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने बुधवार को एक कार्यक्रम में दावा किया उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सत्ताधारी गठबंधन में पीछे के दरवाजे के एंट्री ली है।लोकसभा चुनाव महायुति को मिली 17 सीटें- बता दें कि हाल ही खत्म हुए लोकसभा चुनाव में महायुति सरकार ने 48 लोकसभा सीटों में मात्र 17 सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें भाजपा ने 9 सीटें जीतीं, शिवसेना शिंदे गुट ने 7 सीट और एनसीपी ने एक सीट पर जीत हासिल की है। वहीं महा विकास अघाड़ी के गठबंधन दलों की बात करें, तो कांग्रेस ने 13 सीटें, उद्धव ठाकरे की शिवसेना ( उद्धव बालासाहब ठाकरे ) ने 9 सीटें और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( शरदचंद्र पवार ) ने 8 लोकसभा सीटें जीती थी।जुलाई 2023 में सरकार में आए थे अजित पवार- महाराष्ट्र में शरद पवार की द्वारा स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से जुलाई 2023 में अलग होकर अजित पवार ने भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हुए थे। इस दौरान उनके साथ एनसीपी के कई विधायक भी सत्ताधारी गठबंधन में शामिल हुए थे। रामदास कदम ने बुधवार को ये दावा किया कि अजित पवार ने सत्ताधारी गठबंधन में पीछे के दरवाजे से प्रवेश किया था। शिवसेना नेता ने आगे कहा कि अगर वो कुछ दिन और नहीं आते तो ठीक रहता। वहीं इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी अजित गुट के नेता मितकारी ने कहा कि हमारे नेता अजित पवार के समय से महायुति में आने के कारण ही बच सके हैं, नहीं तो आपको हिमालय जाना पड़ता।



# मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती का दौरा किया, बोले- राजधानी पर जारी करेंगे श्वेत पत्र

